दिनांक–13.11.2026 को सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में Provision of LED Street light & E/I in wash room & driver rest room behind of Board of Revenue Department and Infront of Main Building from Gate No.–1 to 2 at old Sectt. Patna कार्य के तकनीकी बीड पर प्राप्त आपत्ति पर विचार करने हेतु विभागीय निविदा समिति की कार्यवाही–

उपस्थिति

(i) श्री प्रणव कुमार, सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना । – अध्यक्ष

(ii) श्री असीम कुमार, अभियंता प्रमुख (विद्युत), भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना । – सदस्य

(iii) श्री असीम कुमार, मुख्य विद्युत अभियंता–1, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना । – सदस्य

(iv) श्री विकाश कुमार पाण्डेय, आन्तरिक वित्तीय सलाहकार, भवन निर्माण विभाग, पटना । – सदस्य

1. कार्य का नाम – Provision of LED Street light & E/I in wash room & driver rest room behind of Board of Revenue Department and Infront of Main Building from Gate No.–1 to 2 at old Sectt. Patna.
2. प्रशासनिक स्वीकृति की राशि – रु0 84,92,547/–
3. प्रशासनिक स्वीकृति का प्रसंग –भवन निर्माण विभाग, पटना का पत्रांक–395 (भ), दिनांक–30.03.2026
4. तकनीकी स्वीकृति की राशि – रु0 84,92,546/–
5. परिमाण विपत्र की राशि – रु0 84,08,462/–
6. तकनीकी स्वीकृति एवं परिमाण विपत्र का प्रसंग– मुख्य विद्युत अभियंता–1, भवन निर्माण विभाग, पटना का पत्रांक–306 (वि), दिनांक–02.06.2026
7. ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 38/2026–27 (विद्युत भवन प्रमंडल संख्या–3, पटना)
8. समाचार पत्रों में प्रकाशन का प्रसंग – हिन्दुस्तान, दिनांक–25.07.2026
9. प्रकाशन का पी0आर0 संख्या – 008574(BCD)/2026–27
10. ई–निविदा आमंत्रण की तिथि – 23.07.2026
11. प्री–बीड बैठक की तिथि – 01.08.2026 को विद्युत अधीक्षण अभियंता, विद्युत भवन अंचल, पटना
    03.08.2026 को मुख्य विद्युत अभियंता–1, भवन निर्माण विभाग, पटना
12. ई–निविदा (तकनीकी बीड) खोलने की तिथि –22.08.2026
13. ई–निविदा में भाग लेने वाले निविदादाताओं का नाम एवं पता–
    (i) मेसर्स संजीव कुमार, पटना । (ii) मेसर्स नृपेन्द्र कुमार सिन्हा, पटना । (iii) संस्कृति इंटरप्राईजेज ।
14. दिनांक–05.11.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के बैठक की कार्यवाही–

विद्युत अधीक्षण अभियंता, विद्युत भवन अंचल, पटना के पत्रांक–1685, दिनांक–17.09.2026 द्वारा विषयांकित कार्य के निविदा से संबंधित उपलब्ध कराये गये तकनीकी बीड अभिलेखों के आलोक में दिनांक– 13.10.2026 को आयोजित तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक में कुल तीन निविदादाताओं में से दो निविदादाताओं यथा मेसर्स संजीव कुमार, पटना एवं मेसर्स नृपेन्द्र कुमार सिन्हा, पटना को सफल एवं एक निविदादाता संस्कृति इंटरप्राईजेज को असफल घोषित करने का निर्णय लेते हुए दिनांक–22.10.2026 तक आपत्ति की माँग की गयी थी। तद् आलोक में निविदादाता मेसर्स नृपेन्द्र कुमार सिन्हा, पटना के पत्रांक–शून्य, दिनांक–20.10.2026 द्वारा आपत्ति समर्पित किया गया है । निविदादाता द्वारा दिए गए आपत्ति पर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के सभी सदस्यों द्वारा विस्तृत विचार–विमर्श किया गया, विमर्शोपरान्त निम्नलिखित मंतव्य एवं अनुशंसा किया गया–

क्र0सं0	आपत्ति	समिति द्वारा विमर्शोपरान्त मंतव्य एवं अनुशंसा
(i)	निविदादाता मेसर्स नृपेन्द्र कुमार सिन्हा, पटना का कहना है कि भवन निर्माण विभाग में असैनिक एवं विद्युत कार्यों के निविदा में BOQ राशि का 50% (पचास प्रतिशत) एक कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र होना अनिवार्य है। लेकिन मेसर्स संजीव कुमार के पास समान प्रकार के कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र नहीं है ।	मेसर्स संजीव कुमार, पटना के द्वारा अपलोड किये गये समान प्रकार के कार्य किये गये है, जिसका राशि BOQ राशि का 50% से कम होने के कारण F2-Tender के मार्किंग पद्धति में शून्य अंक दिया गया है । अतः आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं पाया गया ।

(ii)	बिहार सरकार के टेंडर के रेट से संबंधित नये आदेश का जिक्र नहीं किया गया है, जिसमें कोई भी संवेदक सरकारी निविदा में 15% बिलो रेट डाला है तो बिहार सरकार के नये नियमों के तहत उन सभी का टेंडर 10% से ज्यादा बिलो दर पर वाले संवेदक का निविदा स्वतः निरस्त कर दिया जाय, जो बिहार सरकार के पथ निर्माण विभाग के अक्टूबर 2026 के नया आदेश जिसका छायाप्रति आवेदन के साथ संलग्न कर आपके ई–मेल आई०डी० (E-Mail ID) पर भेज रहा हूँ ।	विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत भवन प्रमंडल संख्या–3, पटना के द्वारा दिनांक–23.07.2026 को ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–38/2026–27 के माध्यम से निविदा आमंत्रित की गई है, जिसमें निविदा कागजात अपलोड करने की अंतिम तिथि 21.08.2026 एवं तकनीकी बीड खोलने की तिथि 22.08.2026 निर्धारित है । पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के अधिसूचना संख्या–7461(8), दिनांक–13.10.2026 एवं भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना के ज्ञापांक–9803 (भ), दिनांक–15.10.2026 के द्वारा निर्गत दिशा–निर्देश दिनांक–13.10.2026 से प्रभावी होने के परिणामस्वरूप, आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं है ।

15. दिनांक–05.11.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का अनुशंसा–

सम्यक् विचारोपरान्त समिति के सभी सदस्यों द्वारा निविदादाता मेसर्स नृपेन्द्र कुमार सिन्हा, पटना द्वारा समर्पित आवेदन को खारिज करते हुए तकनीकी बीड मूल्यांकन निविदा समिति द्वारा दिनांक–13.10.2026 को लिये गये निर्णय को यथावत् रखते हुए उक्त कार्य हेतु आमंत्रित ई–निविदा के तकनीकी बीड में सफल दोनों निविदादाताओं यथा मेसर्स संजीव कुमार, पटना एवं मेसर्स नृपेन्द्र कुमार सिन्हा, पटना का वित्तीय बीड खोले जाने की अनुशंसा पर सहमति प्राप्त करने हेतु विभागीय निविदा समिति के समक्ष उपस्थापित करने का निर्णय लिया गया ।

16. विभागीय निविदा समिति का निर्णय–

दिनांक–05.11.2026 को मुख्य विद्युत अभियंता–1, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना के स्तर से सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा के आलोक में निविदादाता मेसर्स नृपेन्द्र कुमार सिन्हा, पटना द्वारा समर्पित आवेदन को खारिज करते हुए तकनीकी बीड मूल्यांकन निविदा समिति द्वारा दिनांक–13.10.2026 को लिये गये निर्णय को यथावत् रखते हुए उक्त कार्य हेतु आमंत्रित ई–निविदा के तकनीकी बीड में सफल दोनों निविदादाताओं यथा मेसर्स संजीव कुमार, पटना एवं मेसर्स नृपेन्द्र कुमार सिन्हा, पटना का वित्तीय बीड को खोलने का निर्णय लिया गया । तदनुसार, मुख्य विद्युत अभियंता–1, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना वित्तीय बीड को खोल कर आवश्यक अग्रेतर कार्रवाई करेंगे । इसे विभागीय बेवसाईट पर रखा जाय ।

अंत में सधन्यवाद बैठक समाप्त हुई ।

13/11/26
(विकाश कुमार पाण्डेय)
आंतरिक वित्तीय सलाहकार,
भवन निर्माण विभाग, पटना।

13/11/26
(असीम कुमार)
मुख्य विद्युत अभियंता–1,
भवन निर्माण विभाग, पटना।

13/11/26
(असीम कुमार)
अभियंता प्रमुख (विद्युत),
भवन निर्माण विभाग, पटना।

13/11/26
(प्रणव कुमार)
सचिव,
भवन निर्माण विभाग, पटना।

ज्ञापांक–प्र022/भ0वि0प्राक्क0–545/25– 752 (b) दिनांक– 17/11/26

प्रतिलिपि– आई०टी० मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, पटना को विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित ।

17/11/26
(असीम कुमार)
मुख्य विद्युत अभियंता–1,
भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना ।